THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF EDUCATION AND CULTURE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRIMATI KRISHNA SAHI): (a) The information has been called from the Pondicherry University and will be laid on the Table of the House.

(b) and (c) All posts are filled by direct recruitment through advertisement in papers and by notifying Employment Exchange followed by interview of all candidates by duty constituted Selection Committees. Government orders for reservation of vacancies to Scheduled Castes/Scheduled Tribes etc. are also kept in view while making selections.

रोहिणी आवासीय कालोनी, दिल्ली में दूरभाष केन्द्र

1766. **श्री सोहन लाल धूसिया :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने रोहिणी आवासीय कालोनी के भावी विस्तार को ध्यान में रखते हुए उस क्षेत्र में दूरभाष केन्द्र की स्थापित किए जाने की कोई योजना बनाई है ;

(ख) यदि हां, तो सातवीं योजना के दौरान इस क्षेत्र में कितने दूरभाष केन्द्रों के स्थापित किए जाने का विचार है ;

(ग) इन केन्द्रों के किस-किस स्थान पर कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है; और

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सन्तोष मोहन देव) : (क) जी, हां ।

(ख) एक ।

(ग) 1988-89 तक रोहिणी में सेक्टर III के निकट एक टेलीफोन एक्सचेंज स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है ।

(घ) प्रश्न ही नहीं उठता ।

रोहिणी आवासीय कालोनी, दिल्ली में डाकघर

1767. **श्री सोहन लाल धूसिया :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में दिल्ली विकास प्राधिकरण की रोहिणी आवासीय कालोनी में इस समय कितने डाकघर काम कर रहे हैं;

(ख) क्या यह सच है कि इस क्षेत्र में न तो कोई डाकघर है और न ही डाक के वितरण की सुचारू व्यवस्था है ;

(ग) यदि हां, [illegible] है ;

(घ) क्या सरकार निकट भविष्य में शीघ्र ही इस क्षेत्र में [illegible] का विचार रखती है, यदि हां, तो कब तक ; और

(ङ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सन्तोष मोहन देव) : (क) दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा [illegible] रोहिणी, दिल्ली में इस समय कोई डाकघर काम नहीं कर रहा है ।

(ख) जी नहीं, रोहिणी क्षेत्र में पांच अन्य डाकघरों अर्थात् मंगोलपुरी एल० ब्लाक समयपुर, साहिबाबाद, दौलतपुर, नाहरपुर और रिठौला के माध्यम से डाक सेवा प्रदान की जा रही है ।

(ग) स्थान उपलब्ध न हो पाने तथा नए पदों के सृजन पर लगी पाबन्दी के कारण इस क्षेत्र में डाकघर नहीं खोला जा सका है ।

(घ) और (ङ) रोहिणी कांपलेक्स अभी तैयार हो रहा है । अधिक डाक सुविधाएं प्रदान करने की दृष्टि से विभाग ने अभी हाल में पांच प्लाट खरीदे हैं जहां चरणबद्ध रूप से डाकघर भवनों का निर्माण किया जाएगा ।